पटना (आससे) । वन क्लिक प्रोडक्शन के बैनर तले निर्माता निर्देशक प्रांगल सिंह द्वारा निर्मित वृतचित्र जिन्दगी.....एक लम्हा आज रूकनपुरा बेली रोड स्थित वृद्धाश्रम में रिलीज हुई। फिल्म की कथावस्तु वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गो के जीवन का दर्द साझा करंती है इस अवसर पर प्रांगल सिंह ने बताया यह डाक्यूमेन्ट्री भावनात्मक पहलुओं को व्यक्त करती हे उन संवेदनाओं को टटोलता है जो अपने-अपने वृद्धमाता पिता को वृद्धश्रम में छोड़ आते हैं सबके लिए बुजुर्गो का सम्मान करना कर्तव्य है इस अवसर पर डाक्यूमेन्ट्री से जुड़े कलाकारों और तकनीशियनों ने अपना अनुभव साझा किया।

Scanned with CamScanner

यादों में सुशांत. बिहारी कलाकारों व निर्देशकों ने कहा

नेपोटिज्म हर क्षेत्र में फैला हुआ है इससे संघर्ष करने की है जरूरत

बिहारी कलाकार और समीक्षक सुशांत सिंह राजपूत के मुद्दे पर लगातार अपनी बातें रख रहे हैं. प्रभात खबर ने जब इनसे बात की तो उनका कहना था कि हर क्षेत्र में नेपोटिज्म यानी भाई-भतीजावाद है. लेकिन इससे संघर्ष करना है.

सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु से बहुत दुखी हूं. बॉलीवुड का एक होनहार एक्टर चला गया, लेकिन नेपोटिज्म हर जगह है. हमेशा से हम देखते हैं कि डॉक्टर का बेटा ही डॉक्टर बनता है. वकील का बेटा ही वकील अधिक बनता है. हर क्षेत्र में ही यही कहानी है, लेकिन किसी को काम उसकी पहचान उसके मेहनत के बल पर मिलता है. बिहार की बात करें, तो बिहारी पंजाबी गाने को काफी दिलचस्पी से सुनते हैं. हर कोई एक-दूसरे को प्रोमोट करते है. जहां तक डिप्रेशन की बात है हर इंसान किन्हीं कारणों से डिस्ट्रेस्ड रहता है.

- क्रांति प्रकाश झा, एक्टर

नेपोटिज्म हर जगह है, यह कोई क्राइम भी नहीं है. क्राइम है किसी के साथ गलत व्यवहार करना, किसी को सताना, इसका हमें विरोध करना चाहिए. अननेसेसरी बाहरी बोलकर किसी को नीचा न दिखाएं. सुशांत प्रकरण में जो हुआ बहुत दुखद हुआ. लेकिन उन्हें अपनी जान नहीं लेनी चाहिए थी. जैसे हम जब दुनिया में जन्म लेते है तब हम फैसला नहीं करते. उसी तरह हमारी मौत पर भी हमारा हक नहीं है. हमको कोई भी फैसला लेने के पहले अपने परिवार के बारे में सोचना चाहिए. इंसान जितना मेहनत और संघर्ष करता है निखर कर आता है. नकारात्मक सोच नहीं रखनी चाहिए.

-राजेश कुमार, टीवी एक्टर

सुशांत सिंह राजपूत के निधन से सबसे ज्यादा दुख उनके परिवार वालों को हुआ है. उन्होंने अपने जवान बेटे को खोया है. वे कम समय में ही उस ऊंचाई में पहुंचे थे, जहां तक पहुंचना हर नये एक्टर की ख्वाहिश होती है. सुशांत के निधन के बारे में सुन कर यह विश्वास ही नहीं हुआ हमारे साथ काम करने वाले को एक्टर व बेहतरीन कलाकार हमारे अब बीच नहीं रहे. फिल्म इंडस्ट्री की क्या मांग है. बहुत तरह की बातें है. जिन पर ध्यान देना पड़ता है. सुशांत के साथ हमने जो समय बिताये थे. वह सभी याद आ रहे है. गहरा दुख है. हमने सोन चिड़िया में साथ काम किया है.

- मनोज वाजपेयी, अभिनेता

हिंदी सिनेमा वह रहा है, जिसमें किसी छोटे शहर से, किसी पत्रिका की प्रतियोगिता के माध्यम से आकर राजेश खन्ना और धर्मेंद्र जैसे कलाकार ने जगह बनायी थी. हिंदी सिनेमा में नेपोटिज्म की बात खूब होती है, लेकिन यह भूल जाते हैं. सिनेमा का भविष्य दर्शक तय करते हैं. वह सूरज पंचोली और अभिषेक बच्चन को पूरी तरह नकार भी दे सकता और टाइगर श्राफ को सफल भी कर सकता है. सुशांत की घटना में हम नेपोटिज्म को दोष नहीं दे सकते.

- विनोद अनुपम, फिल्म समीक्षक

नेपोटिज्म की जड़ें आज समाज में कुछ उस तरह फैल चुकी है. जैसे कोरोना वायरस पूरे देश में फैला हुआ है. सुशांत की घटना से दुखी हूं. मेरी संवेदना उनके परिवार वालों के साथ है. सुशांत मेरे बड़े भाई नहीं बल्कि बेहद करीबी भी थे. आज के दौर में नेपोटिज्म समाज में हर जगह है. जैसे बिजनेस, राजनीति, फिल्मी-जगत अगर बात फिल्मी-जगत की है तो ये कड़वा सच है की नेपोटिज्म फिल्मी जगत में भी फैला हुआ है.

- प्रांजल, फिल्म मेकर

यह एक ज्वलंत मुद्दा है. सुशांत सिंह एक बेहतर कलाकार थे, जो अपनी मेहनत की बल पर निखर रहे थे. उनकी मौत ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया है, लेकिन इसका सबसे बड़ा कारण मुझे खुद बिहार का इन्फ्रास्ट्रक्चर लगता है. क्योंकि हमें अपने बिहार में ही वह पहचान वह जगह नहीं मिल पाती. इस कारण टैलेंट रहते हुए मुंबई जैसे शहरों में शोषित होना पड़ता है और यह सिर्फ कैमरे के सामने वाले ही नहीं कैमरे के पीछे काम कर रहे लोग भी करते हैं.

- संजय झा मस्तान, फिल्म निर्देशक

सुशांत एक बेहतर एक्टर थे. उन्होंने कम समय में ही मुकाम हासिल किये. मुझे नहीं लगता कि सुशांत सिंह के साथ नेपोटिज्म किया गया है. क्योंकि यह अभी क्लियर नहीं हुआ है. कारण कुछ और भी हो सकते है. न ही कोई ऑफिशियल इनवेस्टिगेशन हुआ है. इसलिए कुछ भी कहना मुश्किल है. क्योंकि कोई भी पहचान उसके टैलेंट के बल पर ही होता है. सुशांत ने अपने टैलेंट बल पर ही काम किया है और थोड़ी बहुत नेपोटिज्म हर जगह है.

- अभिनव ठाकुर, फिल्म निर्देशक

Scanned with CamScanner

20.06.2020

prabhatkhabar.com

प्रभात खबर

बिहार जागे... देश आगे

पटना । मुजफ्फरपुर । भागलपुर । गया । रांची । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । कोलकाता से प्रकाशित

पेज 10

नेपोटिज्म की जड़ें आज समाज में कुछ उस तरह फैल चुकी है. जैसे
ना वायरस पूरे देश में फैला हुआ
ुशांत की घटना से दुखी हूं. मेरी
ना उनके परिवार वालों के साथ
ुशांत मेरे बड़े भाई नहीं बल्कि बेहद
बी भी थे. आज के दौर में नेपोटिज्म
ज में हर जगह है. जैसे बिजनेस,
नीति, फिल्मी-जगत अगर बात
मी-जगत की है तो ये कड़ वा सच है
ापोटिज्म फिल्मी जगत में भी फैला
है.

- प्रांजल, फिल्म मेकर

सिटी एक्टिविटी

Scanned with CamScanner

City भास्कर
पटना, शुक्रवार, 10 जुलाई, 2020

मैनेजमेंट फंडा

एन. रघुरामन, मैनेजमेंट गुरु

लॉकडाउन के बाद घरों में एक्वेरियम रखने का बढ़ा ट्रेंड, प्रकृति के साथ रहने का महत्व और नए शब्द सीख रहे बच्चे

एक्वेरियम की रंग-बिरंगी मछलियों से लोग घर को रख रहे पॉजिटिव, बच्चों को मिल रहे नए दोस्त

LIVE WITH NATURE

सिटी रिपोर्टर, पटना

लॉकडाउन के बाद पटना में मछलियों को पालने का ट्रेंड बढ़ गया है। लोग अपने घरों को पॉजिटिव रखने के लिए पेट्स में सबसे आसानी से हैंडल होने वाली मछलियों को घर ला रहे हैं। छोटे से बड़े एक्वेरियम में रंग-बिरंगी मछलियां रख रहे हैं। कुछ लाइट्स के साथ उनको डेकोरेट कर घर के एक कोने को सजा रहे हैं। इससे छोटे बच्चों का मन लग रहा है और वे नए शब्द भी सीख रहे हैं। इन दिनों बाहर की मछलियों का इंपोर्ट तो बंद है लेकिन लोकल मछलियां जैसे गोल्ड फिश, रेड कैप, कॉमन कार्प, शार्क, टिफल बार की खरीदारी लोग कर रहे हैं। महंगी मछलियों में फ्लावर हॉर्न और एरोवाना फिश की खरीदारी लोग कर रहे हैं। इनकी कीमत तीन हजार से 15 हजार तक है।

मछलियों के साथ बात करते हैं बच्चे

डेढ़ साल की परिशा घर में करीब चार महीने से नहीं निकली। कोरोना के खतरे की वजह से अभी वो अपनी मछलियों के साथ ही खेलती है। उनसे बातें करती है। उसका जुड़ाव उनसे हो गया है। पिता प्रांजल बताते हैं कि खिलौने के साथ हमने मछलियों के साथ खेलने की आदत लगाई है ताकि वो अभी से नेचर से जुड़ सके। हमने कुछ मछलियां लॉकडाउन के बाद खरीदीं। इनमें से परिशा को सबसे ज्यादा रेड हैट और एंजल मछली पसंद आती है। अकसर वो खुद से उन्हें खाना देती है।

पटना में 100 से ज्यादा एक्वेरियम की दुकानें

50 लाख का कारोबार होता है एक महीने में

15 हजार तक की मछली खरीदते है लोग

01 हजार से लेकर 10 हजार तक के एक्वेरियम खरीद रहे लोग, छोटे एक्वेरियम की डिमांड ज्यादा

कोलकाता से आती है ज्यादातर मछलियां

पानी पूरा नहीं 50% ही बदलें

कंकड़बाग में एक्वेरियम शॉप के ओनर निशांत कुमार ने बताया कि पानी गंदा हो जाने के बाद ही बदलें। एक्वेरियम के पानी को हमेशा 50 प्रतिशत ही बदलें ताकि मछली पुराने माहौल में रहे और पानी भी साफ हो। पानी नॉर्मल हो। खाना भी एक टाइम ही देना है। अगर ज्यादा खाना आप दे देते हैं तो उसे बचने के बाद निकाल लें।

लॉकडाउन के बाद डिमांड बढ़ी

आशियाना नगर स्थित आशियाना एक्वेरियम के ओनर प्रेम कुमार ने बताया कि लॉकडाउन के बाद नए कस्टमर्स बढ़े हैं। लोग बच्चों की डिमांड पर छोटे एक्वेरियम व मछलियां खरीद रहे हैं। अभी तक 100 से ज्यादा एक्वेरियम की बिक्री हो गई है। वहीं निशांत कुमार ने बताया कि नए कस्टमर 40 प्रतिशत तक बढ़े हैं।

इनकी डिमांड ज्यादा

- ओरेंडा गोल्ड- 350 रुपए पेयर
- एरोवाना सिल्वर- 2500 से शुरू
- रांचो गोल्ड- 150 पेयर
- पैरट फिश- 550 रुपए
- टीटू पैरट- 1500 रुपए
- बबल आई : 90 से 120
- रेड कैप ओरेंडा- 300
- फ्लावर हॉर्न- तीन हजार से 15 हजार तक

- जरूरी नहीं है लोग बड़े एक्वेरियम ही खरीदें। छोटे एक्वेरियम और कुछ मछलियों से भी बच्चों को अच्छा फील होगा। बच्चे छोटी-छोटी चीजों में खुशियां खोज लेते हैं। मछलियों से उन्हें पॉजिटिव ऊर्जा तो मिलेगी ही साथ ही उनमें केयरिंग और प्यार की भावना जागेगी। वो नेचर से कनेक्ट होंगे। डॉ. बिंदा सिंह, मनोचिकित्सक

रचनात्मकता और प्रासंगिकता के द्वंद्व के बीच गुजरता है लेखक

सिटी रिपोर्टर . पटना

एक लेखक क्रिएटिविटी और रेलेवेंस के द्वैत्व और द्वंद्व के बीच गुजरता है। क्रिएटिविटी हमारा इनर फोर्स है और रेलेवेंट होने की हमारी चाहत आउटर फोर्स है। किसी चीज को देखना, समझना, एनलाइज करना, इंटरप्रेट करना और उसका सारांश निकालना यह सब हमारा इनर फोर्स है। ये सब चीजें हमारे अंदर चलती रहती हैं और इस पूरे प्रॉसेस में हम अकेले होते हैं। हालांकि, एक क्रिएटिव इंसान का यह स्वभाव-धर्म भी है। वहीं, जब हम इसे किसी फॉर्म के जरिए एक्सप्रेस या फिर लोगों से कनेक्ट करने की कोशिश करते हैं, तब यहीं से रेलेवेंट होने और न होने का सिलसिला शुरू होता है। ये बातें गुरुवार को संगीत नाटक अकादमी अवॉर्डी व फेमस थिएटर राइटर अभिराम भड़कमकर ने कहीं। मौका था कोकोनट थिएटर के पटना चैप्टर की ओर से आयोजित लाइव सीरीज चाय-वाय रंगमंच 2020 का। वे रचनात्मकता और प्रासंगिकता का द्वंद्वाद विषय पर लाइव थे। उन्होंने कहा कि नाटक एक ऐसा फॉर्म है, जिसमें एक व्यक्ति नाटक लिखता है और बहुत सारे लोग उसे तैयार करने में शामिल होते हैं। साथ ही बहुत सारे ऑडियंस उसे देखते हैं। ऐसे में एक से अनेक होने में रेलेवेंट का बोझ क्रिएटिविटी के साथ धीरे-धीरे आने लगता है।

जेडी वीमेंस कॉलेज की छात्राएं हुईं प्रोमोट 13 से नया सत्र शुरू

सिटी रिपोर्टर . पटना

जेडी वीमेंस कॉलेज में नए सेमेस्टर की पढ़ाई ऑनलाइन शुरू कर दी गई है। यूनिवर्सिटी द्वारा लिए गए निर्णय के बाद छात्राओं को अगले क्लास में प्रोमोट कर दिया गया है। कॉलेज की शिक्षिकाएं भी नए रूटीन बनाने में लग चुकी हैं। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. श्यामा राय के अनुसार कॉलेज जब तक नहीं खुलेंगे तब-तक सभी विषयों में ऑनलाइन पढ़ाई जारी रहेगी। इससे पहले छात्राएं पढ़ाई व परीक्षा को लेकर ऊहापोह और असमंजस की स्थिति में थीं। कॉलेज के इस निर्णय से छात्राओं की पढ़ाई अब शुरू हो जाएगी।

गीतों से सामाजिक संदेश दें ताकि समाज में सुधार हो और प्रेम बढ़े

सिटी रिपोर्टर . पटना

ऑनलाइन प्लेटफार्म पर गुरुवार को सावन महोत्सव में गायक और अभिनेता छैला बिहारी ने लोकगीतों की सुरीली महफिल सजाई। मिट्टी की ओर खींचते उनके गीतों ने सबको प्रफुल्लित कर दिया। शिव के भक्तों को उन्होंने गीतों से अनुरोध किया कि देश के सेहत के लिए फिलहाल मंदिरों में न जाएं। घर में पूजा करें और कोरोना से बचें। उन्होंने गायकी के दौरान अनुरोध किया कि आत्मसंयम रखें, घरों में रहें इससे खुद भी बचेंगे और समाज भी सुरक्षित रहेगा। कई कार्यक्रमों का आयोजन ऑनलाइन हो रहा है उसको मिलकर देख सुन सकते हैं। भोला के घर में चोरी भैले हो भाई...... गीत गाया। कांवर भजनों में नाचे कांवरिया शिव के नगरिया, बाबा एक कुछ ऐसा आयना बना दे जो चेहरा नहीं नियत दिखा दे। देर शाम तक गायक ने गीतों के साथ लोगों को अपने साथ जोड़े रखा। उन्होंने लोकगीतों की महत्ता पर चर्चा की। फिल्मों तक पहुंचने की अपनी जर्नी के बारे में भी बताया। उन्होंने यह भी बताया कि गीतों को हम हमेशा ऐसे बनाते हैं कि वो कुछ सामाजिक संदेश दें ताकि समाज में सुधार हो और सकारात्मक बदलाव आए।

GLAMOUR

Scanned with CamScanner

NBT

NAV BHARAT TIMES

शॉर्ट फिल्म बनाने का इरादा

मास कॉम की पढ़ाई के बाद मैंने डायरेक्शन में अपना करियर बनाया। मैंने साल 2014 में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों पर 'रेज योर वॉइज-एक आवाज' नाम से एक शॉर्ट फिल्म बनाई थी। उसका ट्रेलर और म्यूजिक लॉन्च किया था। इस साल उस शॉर्ट फिल्म को एक बड़े लेवल पर रिलीज करने की तैयारी है।

-प्रांजल सिंह, गोमतीनगर

Scanned with CamScanner

हिन्दुस्तान 02
लखनऊ • सोमवार • 16 मार्च 2015

महिलाओं के साथ हिंसा हो तो 'रेज योर वॉयस'

लखनऊ। महिलाओं और लड़कियां कभी स्कूल जाते तो कभी कहीं घूमने जाते वक्त मनचलों को शिकार होती हैं। ऐसी मानसिकता वाले लोगों की नजरों और कृत्यों से तभी बच सकती हैं, जब वो आवाज उठाएंगी। महिला और समाज को जागरूक करती फिल्म 'रेज योर वॉयस' एक आवाज लघु फिल्म भी देती है। फिल्म का प्रदर्शन रविवार को जयशंकर प्रसाद सभागार में किया गया।

प्रांजल सिंह के निर्देशन में बनी इस लघु फिल्म की शूटिंग लखनऊ में हुई हैं। फिल्म में तमाम चीजों को दिखाया गया है। जिसे एक महिला रोज सड़क, पार्क, स्कूल, ऑफिस में झेलती है। साथ ही फिल्म में इससे बचने के लिए महिलाओं से आह्वान किया गया है कि वो अपनी आवाज को दबाएं नहीं आवाज को उठाएं।

फिल्म में सरिता झा, मनीष ठाकुर, भावना पाण्डेय, जितेश सिंह, अजहर खान, शाहबाज खान, अभिषेक सिंह, सुरभि सिंह, रंजना चौहान, मोहम्मद नदीम सिद्दीकी व अन्य कलाकारों ने प्रभावी अभिनय किया है। फिल्म के निर्माता और निर्देशक प्रांजल ने बताया कि इसे ज्यादा से ज्यादा लोग देखे इसलिए फिल्म को सोशल साइट्स पर अपलोड कर दिया गया है। स्कूलों में फिल्म को दिखाए जाने की भी योजना है।

Scanned with CamScanner

Life at old age home — a social mirror

Reena Sopam
htpatna@hindustantimes.com

PATNA: All does not appear to be well for the senior citizens of the state capital. They are fast losing social support and family base needed at this late stage of their lives.

Around half a dozen old age homes have sprung up in the city in last few years. And even the number of inmates at these shelters has gone up markedly.

City based amateur filmmaker Pranjal Singh has made a documentary 'Zindagi Ek Lamha' mirroring the life of senior citizens at these old age homes. The personal background of these inmates, their expectations from life, their children and other family members have also been depicted in the documentary.

Shot entirely at old age shelters in the city, including Sahara - the old age home at Bailey Road and Aashraya at Patliputra, the 60-minute documentary will be screened at one of the old age homes at Ved Nagar here in a couple of days.

"There were several inmates at each old age home and we have captured the life and experiences of 5-6 of them. It was an eye opener. Many of the inmates were retired senior railway officials, bankers, businessmen and political leaders," Pranjal said, sharing his experiences during shooting of the short film.

A still from the documentary 'Zindagi Ek Lamha'.

CITY BASED AMATEUR FILMMAKER PRANJAL SINGH HAS MADE A DOCUMENTARY 'ZINDAGI EK LAMHA' MIRRORING THE LIFE OF SENIOR CITIZENS AT THESE OLD AGE HOMES. THE MOVIE AIMS TO SENSITISE PEOPLE TOWARDS DISINTEGRATION IN FAMILY AND LACK OF CARE AND CONCERN FOR OLD PARENTS

The movie aims to sensitise people towards disintegration in family and lack of care and concern for old parents, he said.

At Sahara, a former railway official, Shyam Mohan (name changed), who took voluntary retirement while working as DRM in Guwahati, Assam, has been here since 2014.

"All his eight children are now settled abroad. At one point of time, he wanted to end his life and had even given a petition for euthanasia. He wants to get back his property now owned by his children and donate it to some orphanage or old age home," Pranjal said.

Another inmate, Bal Gangadhar (name changed), was a former ward councillor in Mithapur locality for over 30 years. All his life he took care of his nephews and other kin, but was so tortured after retirement that he finally left home and was brought to the shelter by a friend.

Yet another had been a banker but his children no longer want him in the family while Geeta (name changed) is a retired teacher from Kolkata who was brought here by her son and left near the Mahavir Mandir, he added.

Pranjal said the movie was an effort to pay tribute to senior citizens of the city. It was made with the help of some local boys and girls, including Sadhna Shivani, Manoj Chauhan, Surya Chauhan, Jyoti Tiwari, Naziya Naz, Vishal and Aditya.

केन्द्रीय विश्वविद्यालय

Scanned with CamScanner

THE TELEGRAPH FRIDAY 1 APRIL 2016

The Telegraph

Documentary

Patna: *Zindagi: Ek Lamha*, a documentary on the plight of old people in the city's old age homes was screened at Rukunpur on Thursday.

Scanned with CamScanner

The press conference for the trailer launch of our movie raise your Voice ...Ek Awaaz was held on 4th of December at Rai Umanath Bali Auditorium from 01:00 pm to 02:30pm.

The Trailer of our movie launched by a prestigious music director of hollywood Mr. Robert Obaid Rouhi who came all the way from Los Angles to be a part of Raise your Voice. After launching the trailer he was very emotional and his speech to press he said that It was not at all the problem of Indian women but it is faced by women all around. He appreciated the work and efforts the team of Raise your voice ek awaaz did...! He congratulated the producer director Pranjal Singh on his achievements.

The guest of honour to our event was Bollywood music director who has worked with the Khan's of Bollywood. Guest of honour Mr. Sankalp Asthana was impressed by the audio part of the movie...!!

शोषण के खिलाफ महिलाएं खुद उठाएं आवाज

लखनऊ। महिलाओं की हिंसा और उनसे होने वाली छेड़छाड़ को रोकने के लिए खुद महिलाओं को ही आगे आना होगा। जब तक वे खुद के खिलाफ होने वाले शोषण पर आवाज नहीं उठाएंगी, तब तक शोषण नहीं रुकेगा। महिलाओं को इसी तरह सशक्त होना दिखाती 15 मिनट की डॉक्यूमेंट्री 'रेज योर वॉयस एक आवाज' का ट्रेलर बृहस्पतिवार को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में लांच हुआ। युवा निर्देशक प्रोड्यूसर प्रांजल सिंह की इस पांचवी फिल्म की लांच के मुख्य अतिथि हॉलीवुड फिल्मों टीवी शो के संगीतकार राबर्ट ओबेद रुई रहे।

A PRANJAL SINGH FILM

RAISE YOUR VOICE... EK AWAAZ.

महिला अपराध के
खिलाफ
उठे आवाज।

Scanned with CamScanner

Delhi's odd-even rule affects Lucknow road travellers to the capital too

As the odd-even number traffic rule comes into effect in Delhi, Lucknowites contemplate taking flights instead of road trips to the capital, or finding other ways to tackle the problem

The Delhi government's decision to allow four-wheelers with odd and even numbers to ply on alternate days on city roads has left many Delhites confused. But the rule, which will be implemented from today for a trial period of 15 days, is also making Lucknowites fret. Those who travel to Delhi by road frequently are wondering how to plan their trips to the capital now, if the experiment succeeds. As it is, there are no exceptions being made for cars from other states in Delhi now.

"As my car number is even, should I buy another car with an odd digit just to go to Delhi?"asks Lucknowite Pranjal Singh, who works as a freelance photographer, and travels to Delhi by car frequently. "I don't think it's a practical solution to curb pollution," adds Singh, who hasn't yet been able to devise a way to work around the number rule. Other Lucknowites, though, have thought of solutions to the problem.

CONTINUED ON PAGE 7

Scanned with CamScanner

राष्ट्रीय सहारा

लखनऊ। ● शनिवार 19 मार्च ● 2016

वृद्धा आश्रम का दर्द बयां करती है 'जिन्दगी एक लम्हा'

लखनऊ। वृद्धाश्रमों में रहकर बुजुर्गों का जीवन कितना दुखमय है। कुछ ऐसी ही कहानी डाक्यूमेंट्री फिल्म 'जिन्दगी एक लम्हा' में पेश की गयी। वन क्लिक प्रोडक्शन के तहत निर्मित इस फिल्म को प्रोडक्शन के गोमतीनगर स्थित कार्यालय पर किया गया। फिल्म के निर्माता व निर्देशक प्रांजल सिंह ने बताया कि उससे पहले महिला शोषण, उत्पीड़न जैसे मुद्दों पर फिल्म बना चुके हैं लेकिन इस फिल्म में खासतौर पर वृद्धाश्रम के रहने वाले बुजुर्गों की जिदंगी को दिखाया गया है।

कॉपस ऑफ लखनऊ

16 मार्च, 2016 राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

बुजुर्गों के दर्द को दर्शाती है 'जिन्दगी...एक लम्हा'

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता

निर्माता निर्देशक प्राजंल सिंह द्वारा निर्मित वृत्त चित्र (डाक्यूमेण्ट्री फिल्म) जिन्दगी..एक लम्हा वन क्लिक प्रोडक्शन में रिलीज हुई। यह उनकी ग्यारहवीं फिल्म हैं। प्राजंल सिंह के मुताबिक यूं तो हर पल

लखनऊ में हुई लांच प्रांजल सिंह द्वारा निर्देशित फिल्म 'जिन्दगी...एक लम्हा'

बढ़ती है जिन्दगी रंग बदलती नये रूप में ढलती है जिंदगी लम्हे में सिमटी लम्हों से बंधती लम्हों में कटती लम्हों को जोड़कर बनती है जिन्दगी।

इस फिल्म का निर्माण लखनऊ एवं बिहार की राजधानी पटना में हुआ है। इस फिल्म के माध्यम से निर्देशक प्रांजल सिंह ने समाज का असली और कठोर चेहरा दिखाने की कोशिश की है इस फिल्म के माध्यम से वह उन वरिष्ठ नागरिकों पर सब का ध्यान आर्किषत करना

चाहते हैं और समाज को यह दिखाना चाहता है कि वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों का जीवन कितने दर्द से भरा है और वो हर दिन कितनी परेशानियों का सामना करते हैं।

बुजुर्ग अपने बच्चों से बहुत उम्मीद रखते हैं पर उनके बच्चे उनको वृद्धाश्रम छोड़ आते हैं जहां वे लोग अपनी जिन्दगी के चंद बाकी पल इस आशा में बिता देते हैं कि शायद कल उनके बच्चे उनको लेने वापस आयें। श्री सिंह ने सबसे अपनी कुछ अनमोल यादें बांटी जो वह वृद्धाश्रम से समेट के लाये थे। उन्होंने बताया एक बुजुर्ग के इंटरव्यू के दौरान उन्होंने प्रांजल और उनकी टीम को बताया कि पश्चिमी सभ्यता की वजह से अब परिवार छोटे होते जा रहे हैं और लोग अपने माता पिता का साथ नहीं देते हैं जिस वजह से हर दिन नये वृद्धाश्रम बन रहें हैं। निर्माता प्रांजल सिंह ने बताया कि सूटिंग के दौरान उनको और उनकी टीम को एक बहुत ही भावनात्मक दौर से गुजरना पड़ा उन्होंने यह भी बताया कि इस फिल्म के माध्यम से और एक इंसान होने की हैसियत से 'मैं आप सब से यह पूछना चाहता हूं क्या जरूरी है आप सब के लिए मां का प्यार और ममता या समाज का दिखावटी चेहरा'। उन्होंने कहा हम सब को जरूरत है आगे बढने की और अपने आस - पास मौजूद बुजुर्गों को प्यार और इज्जत बांटने की। राधा मोहन सिंह को न्यायालय में इच्छामृत्यु तक की गुहार न्यायालय में लगानी पड़ी क्योंकि उनको उनके बच्चों ने छोड़ दिया। आज यह वृद्धा आश्रम में रहने को मजबूर हैं, उन्होने हमारी टीम को बताया की जब एक वृक्ष बड़ा हो जाता है तो वह नयी पीढी को साया देता है पर आज कल लोगो को बुजुर्गों के तजुर्बे और ज्ञान की जरूरत नहीं।

Scanned with CamScanner

शुक्रवार , 11 मार्च 2016

हिन्दुस्तान

एक युवा ने कई बुजुर्गों पर बनाई फिल्म

इन दिनों लखनऊ के कई युवा फिल्म मेकिंग के फील्ड में अपने जौहर दिखा रहे हैं। इसी क्रम में नया नाम है प्रांजल का। प्रांजल ने अब तक कई शॉर्ट फिल्में बनाई हैं। अब उन्होंने तन्हा बुजुर्गों पर फिल्म जिंदगी एक लम्हा बनाई है।

शहर का सितारा

लखनऊ। हिन्दुस्तान संवाद

जिंदगी हर पल बढ़ती है और नए नए रंग में ढलती है। कई छोटे छोटे खट्टे मीठे लमहे मिलकर जिंदगी की सूरत गढ़ते हैं

.... यह कहना है निर्देशक प्रांजल सिंह का। प्रांजल शहर के युवा फिल्म मेकर हैं। एमिटी यूनीवर्सिटी से पत्रकारिता का कोर्स करने के बाद उन्होंने इस दिशा में कदम रखा है। वह अब तक 10 शॉर्ट फिल्में बना चुके हैं। हाल फिल्हाल उन्होंने एक और फिल्म बनाई है जिसका नाम है एक लम्हा।

बुजुर्ग लोगों की कहानी कहती है यह फिल्म

बकौल प्रांजल यह फिल्म बुजुर्ग लोगों की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह लोग अपने बूढ़े मां बाप को आश्रम में छोड़ देते हैं और पलट कर खबर भी नहीं लेते। जिस उम्र में मां बाप को बच्चों का सहारा चाहिए होता है, उनकी जरूरत होती है उस उम्र में उनको तनहा जिंदगी गुजारनी पड़ती है।

प्रांजल सिंह कहते हैं कि उन्होंने फिल्म में समाज का असली और कठोर चेहरा दिखाने की कोशिश की है। प्रांजल बताते हैं कि फिल्म एक सामाजिक संदेश भी देती है। उनको पूरी उम्मीद है कि यह फिल्म दर्शकों को पसंद आएगी।

14 मार्च को रिलीज होगी फिल्म जिंदगी एक लम्हा..

शहर के युवा प्रांजल (बाएं) ने बनाई फिल्म जिंदगी एक लमहा.. फिल्म का पोस्टर (दाएं)

लखनऊ में बनी है फिल्म

प्रांजल बताते हैं कि इस फिल्म की शूटिंग लखनऊ और पटना में हुई है। फिल्म बनाने से पहले शहर के कई बुजुर्गों से बात भी की। एक बुजुर्ग ने उनसे कहा कि अब परिवार छोटे होते जा रहे हैं इस वजह से लोग अपने माता-पिता का साथ नहीं देते हैं और बढ़ती उम्र में बुजुर्गों को अकेले रहना पड़ता है। यह फिल्म 14 मार्च को रिलीज होगी। इससे पहले भी प्रांजल कई अलग अलग विषयों पर कई शॉर्ट फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं।

Scanned with CamScanner

HAPPY NEW YEAR.

सिटी हलचल

साल पूरा हो गया लेकिन इनकी कई ख्वाहिशें साल भर कोशिश करने के बावजूद पूरी नहीं हो सकीं। अब नया साल इनके लिए नई उम्मीद लेकर आया है। इन्हें यकीन है कि इस साल इनकी सारी विशेज जरूर पूरी हो जाएंगी। एनबीटी रीडर्स ने हमारे माध्यम से अपने जज्बातों को अल्फाज में पिरोकर अपनों तक पहुंचाने की कोशिश की है।

31st December, 2014
Nav Bharat Times की
Lucknow Times.

दिल जो न कह सका...

शायद उस तक ये बात पहुंच जाए

गोमती नगर में रहने वाले प्रांजल सिंह ने अपनी एक्स गर्लफ्रेंड को बिना बताए उसके लिए म्यूजिक एलबम ही बना डाला। प्रांजल के मुताबिक उनका हाल ही में ब्रेकअप हुआ है, वह चाहते हैं कि उनकी एक्स गर्लफ्रेंड वह एलबम सुनें क्योंकि इसके जरिए वह अपनी दिल की बात उस तक पहुंचाना चाहते हैं। वह जानना चाहते हैं कि आखिर उनकी गर्लफ्रेंड ने उनसे ब्रेकअप क्यों किया। यही कारण जानने के लिए उन्होंने पूरा म्यूजिक एलबम ही बना डाला। उन्हें उम्मीद है कि एलबम के गाने सुनने के बाद वह कॉल करके उन्हें ब्रेक-अप की वजह जरूर बताएगी।

Scanned with CamScanner

बॉयफ्रेंड दोस्ती रखना चाहता है, क्या करूं?

मेरा बॉयफ्रेंड दूसरे रिलीजन का है। फ्यूचर न देखते हुए हमने ब्रेकअप कर लिया लेकिन अब वह कहता है कि वह मुझसे दोस्ती रखना चाहता है। मेरी समझ नहीं आ रहा, क्या करूं?

वाह! जवाब

अगर आपके घर में इंटरकास्ट रिलेशन नहीं एक्सेप्ट होता इसलिए आपने ब्रेकअप किया है तो दोबारा दोस्ती करना समझदारी नहीं होगी। घरवाले इसके लिए तैयार हों, तभी दोस्ती की शुरुआत करें।
-वर्षा, राजाजीपुरम

इंटरकास्ट रिलेशन शुरू करने से पहले अच्छी तरह सोच लें। इसमें कई तरह के इश्यूज होते हैं, जिन्हें स्मार्टली हैंडल करना चाहिए। ब्रेकअप के बाद दोबारा दोस्ती से हालात और भी बिगड़ सकते हैं।
-सूर्या चौहान, गोमती नगर

मेरे हिसाब से ब्रेकअप के बाद भी अगर आप दोस्ती रखना चाहते हैं, तो कोई दिक्कत नहीं है। यह आपकी अंडरस्टैंडिंग पर डिपेंड करता है। एक बार बात करके दोस्ती रख सकते हैं।
-प्रांजल सिंह,गोमती नगर

मेरे हिसाब से अगर आपने हिम्मत करके इंटरकास्ट रिलेशन की शुरुआत की है तो उसे कुछ वक्त देना चाहिए। ब्रेकअप के बजाय फैमिली से बात करके रास्ता निकालने की कोशिश करें।
-देव सिंह, इंदिरा नगर

यह है एक्सपर्ट की राय

इंटरकास्ट रिलेशन में ब्रेकअप के बाद दोस्ती रखना दोनों के मेच्योरिटी लेवल पर निर्भर करता है। अगर वे ब्रेकअप के बाद भी दोस्ती रखना चाहते हैं और इससे सहमत हैं तो कोई बुराई नहीं है।
- डॉ आदर्श त्रिपाठी, एक्सपर्ट

आज का सवाल : लंबे रिलेशनशिप के बाद मेरा ब्रेकअप हो गया है। कई कोशिशों के बाद भी मैं आगे नहीं बढ़ पा रहा हूं। क्या करूं? - अतुल वर्मा, रायबरेली रोड

अगर आपका भी कोई सवाल है जिसपर लोगों की राय चाहते हैं तो अपने सवाल lucknowtimesnbt@gmail.com पर भेजिए। सब्जेक्ट में लिखें wah jawab अपना नंबर और पता लिखना न भूलें।

Scanned with CamScanner

नवभारत टाइम्स
NBT
Lucknow

नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली/लखनऊ, बुधवार, 10 फरवरी 2016 I ADVERTORIAL ENTERTAINMENT PROMOTIONAL FEATURE

कोई हंसा तो कोई इमोशनल हुआ

टेडी देने के लिए कितने जतन कर डाले उसने

वैसे वैलंटाइंस वीक के किसी दिन का मुझे क्रेज नहीं पर मेरे फ्रेंड्स को है। उन्हीं में से एक बेस्ट फ्रेंड ने मुझे टेडी गिफ्ट करने की प्लानिंग की। बिना कुछ सोचे समझे वह मार्केट से एक पिंक कलर का टेडी बियर खरीद लाया। घर आकर अपने रूम में उसे रख दिया। रात को जब उसकी मम्मी कमरे में आईं तो उन्होंने उस टैडी के बारे में पूछा। इस पर उसने तपाक से बोला कि वह छोटी (बहन) के लिए है। अगले दिन यानी टेडी डे पर उसे वो टेडी अपनी बहन को देना पड़ा। इसके बाद वो मार्केट गया और दूसरा टेडी खरीदा। साथ में एक डॉग का सॉफ्ट टॉय लेकर मेर पास आया। उसने मुझे कॉल की और मेरे घर के पास एक पार्क में मिलने के लिए बुलाया। मैं रेडी होकर वहां गई तो देखा जनाब टेडी बियर लेकर खड़े हैं। उसे देखकर मुझे हंसी आ गई। इसके बाद जब उसने पूरी कहानी सुनाई तो मैं ठहाके मारकर हंसने लगी। वाकई पहले टेडी का ये बहुत फनी एक्सपीरियंस था। *-रंजनी सिंह, इंदिरा नगर*

इमोशनल हो गई गर्लफ्रेंड

गर्ल्स को टेडी बियर पसंद हैं ये मुझे पता था पर मेरी गर्लफ्रेंड को टेडी बियर से कुछ खास लगाव नहीं था। हम नए रिलेशनशिप में आए थे और रोज हमारी मुलाकात होती थी। रात में फोन पर देर तक बातें करने की हमारी आदत थी। कुछ दिन बाद मेरी पार्टनर को पढ़ाई के सिलसिले में छह महीने के लिए दिल्ली जाना पड़ा। नए-नए प्यार में इस तरह की जुदाई मुझे बहुत अजीब लगी। खैर, करियर की बात थी तो मैंने अपने उदास दिल को पीछे रखते हुए उसे खुशी-खुशी विदा किया। उन छह महीनों में हमारी बातचीत भी कम हो गई थी। एक दिन मैं दोस्तों के साथ मार्केट गया तो टॉय शॉप में क्यूट सी डॉल दिखी। मैंने तुरंत उसे गर्लफ्रेंड के लिए खरीदा और घर ले आया। छह महीने के बाद जब वो वापस आई तो इत्तेफाक से उस दिन टेडी डे ही था। मेरे पास उसे गिफ्ट करने के लिए टेडी तो नहीं था लेकिन मैंने वो डॉल उसे गिफ्ट कर दी और साथ में एक लेटर भी दिया। उसे पढ़कर वो थोड़ी इमोशनल हो गई और मुझसे कहा, 'मैं सोचती थी कि छह महीने तक तुमसे दूर हूं तो तुम मुझे भूल जाओगे लेकिन वापस आकर तुम्हारा इस कदर प्यार देखकर दिल को बहुत खुशी मिली। थैंक्स। *-राजेंद्र पांडेय, गोमती नगर*

वैलंटाइंस ...

इश्क ...

'हफ्ता मोहब्बत वाला' शुरू... चुका है। ऐसे में भागती जि... से कुछ पल चुराकर उस... नाम कर दीजिए, जिसने आपकी जिंदगी को रफ्तार दी है। अगर अपने जज्बात को लफ्ज देने के लिए आ... सही मौके की तलाश में है... एनबीटी फेमिना क्लब दे ... है आपको एक मौका। इस वैलंटाइंस डे पर हम सिले... कपल्स को सिटी के बेहत... होटल में डिनर कराएंगे, ... आप अपने पार्टनर से बेध... दिल की बात कह सकते है...

जिंदगी में उम्मीद जैसा लखनऊ का 'लव आजकल'

Vartul.Awasthi@timesgroup.com

ये 'लव आजकल' है। इसमें जुदा होने की मायूसी है और उबरने की उम्मीद भी। ये एक बार जीते हैं, एक बार मरते हैं लेकिन प्यार इनके लिए फर्स्ट, सेकंड या थर्ड नहीं होता। पहले प्यार से चोट खाने के बाद दूसरा प्यार भी इनके लिए उतना ही खूबसूरत होता है, जितना पहले वाला था। ये प्यार को नहीं बल्कि इनसान की फितरत को दोषी मानते हैं। इन्होंने पहली मोहब्बत खोने के बाद ही पाक मोहब्बत पाई है। यह बढ़ने पर यकीन करते हैं। हफ्ता मोहब्बत वाले के तीसरे दिन हम आपको ऐसे ही कुछ लोगों की जिंदगी की तस्वीर बयां कर रहे हैं, जिन्होंने पहले प्यार में हारने के बावजूद अपना असली वैलंटाइन पा लिया।

खोया नहीं बल्कि बहुत कुछ पा लिया है

प्यार जिंदगी में एक बार होता है। ऐसा गोमती नगर की सूर्या चौहान को पहले लगता था लेकिन बाद में उनका यह भ्रम टूट गया। वह बताती हैं कि कॉलेज टाइम में म्यूचुअल फ्रेंड के जरिए एक फ्रेंड से मेरी दोस्ती हुई थी। वो मुझमें ज्यादा इंट्रेस्ट लेने लगा था। हमारी बात हुई और हम रिलेशनशिप में आ गए लेकिन हम दोनों की सोच बिल्कुल अलग थी। तीन साल तक रिलेशनशिप चली लेकिन मिस अंडरस्टैंडिंग की वजह से हम अलग हो गए। फिर मुझे लगा कि अब मैं दोबारा प्यार नहीं कर पाऊंगी। फिर मैंने इन सबसे ध्यान हटाकर जॉब पर लगाया। मैं प्रांजल के फिल्म प्रोडक्शन से जुड़ी। असल में कॉलेज डेज में मैं और प्रांजल सेम डिपार्टमेंट में थे। जो मेरी फ्रेंड्स प्रांजल के साथ थीं, वो उनके बारे में इतना उल्टा सीधा बताती थीं कि मैं उनसे हेट करने लगी। हालांकि, उनके साथ काम करने के दौरान मुझे पता चला कि वह बहुत केयरिंग हैं। दरअसल, उन दिनों प्रांजल का भी उनकी एक्स गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप हुआ था। जब दो जख्मी दिल मिले तो हमें फिर से प्यार होने लगा। हमारी अंडरस्टैंडिंग परफेक्ट मैच हो गई। वो मेरे हाव-भाव देखकर समझ जाते हैं कि मैं खुश हूं या परेशान। मुझे अब महसूस होता है कि मैंने कुछ भी खोया नहीं बल्कि बहुत कुछ पा लिया है।

ये वाला इश्क भी है उतना ही खूबसूरत

इनके लिए प्यार उतना ही खूबसूरत तब भी था, जब पहली बार हुआ और अब भी है, जब दूसरी बार हुआ है। पेशे से राइटर गोमती नगर के शोभित सिन्हा बताते हैं कि कॉलेज टाइम में मेरी एक गर्लफ्रेंड बनी थी। मैं उससे बेइंतहा प्यार करता था। दो साल तक हमारा रिलेशनशिप चला। मुझे उसकी सारी बातें मंजूर थीं बस

टेडी... करें...

शेफाली श्रीवास्त...

टेडी बियर ... हैं, गिफ्ट ... उतने ही ... पर हर कोई अपने ... करना चाहता है। ह... बियर के बारे में, जि... हैं। इन्हें आप मार्केट ... ऑनलाइन भी ऑर्ड... वेबसाइट्स में सेम ...

Scanned with CamScanner

प्रभात खबर
लाइफ @ पटना
जलिम्स जिंदगी का

दूल्हा-दुल्हन फोटोशूट करा भेज रहे हार्ट टचिंग इनविटेशन

एक ऐसा वीडियो जो जिंदगी भर याद रहे

हमारी जिंदगी की सबसे यादगार दिन 9 फरवरी है, जिस दिन हम शादी के पवित्र बंधन मे बंधने वाले है. यह कहना है बेली रोड के प्रांजल का, जिनकी शादी डॉ निशा से तय हुई है. उन्होंने बताया कि हम अपने बीजी शेड्यूल से शादी की तैयारी के लिए टाइम निकाल रहे है. ऐसे मे बुकिंग के बाद सबसे पहले हमने प्री वेडिंग फोटो शूट के साथ-साथ हमने सेव द डेट का एक प्यारा का वीडियो डिजाइन करवाया है, जिसे वन क्लिक प्रोडक्शन द्वारा शूट किया गया है. इसकी शूटिंग हमने गुरु ग्राम स्टूडियो मुंबई मे 23 दिसंबर को करायी थी. शादी नजदीक आते ही हमने अपनी वीडियो को शेयर करना शुरू कर दिया है. अब हमारे शादी की कार्ड से ज्यादा लोग अपनी वीडियो को पसंद कर रहे है. यह सब एक यादगार पल है, जो पूरी जिंदगी हमे याद रहेगी. लोग हमारे शादी की डेट कई दिनो पहले ही सेव कर चुके है.

Scanned with CamScanner

RAISE YOUR VOICE
RAISE YOUR VOICE!
... EK AWAAZ

4th December, 2014

Venue:
Rai Umanath Bali
Auditorium,
Lucknow

नवभारत टाइम्स, नई दिल्ली/लखनऊ, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2014

Pics : Satyendra Mehrotra

महिला अपराध के खिलाफ 'एक आवाज'

शालू अवस्थी

देश में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध को देखते अब हर तरफ से आवाज उठाने की जरूरत हो गई है। 16 दिसम्बर के उस खौफनाक मंजर के बाद लोगों ने आवाज बुलंद की। इसमें बड़ी संख्या में यूथ ने आकर प्रोटेस्ट किया। एमिटी यूनिवर्सिटी के मासकॉम डिपार्टमेंट से पासआउट कुछ स्टूडेंट्स ने महिलाओं के खिलाफ बढ़ते क्राइम पर एक शॉर्ट फिल्म बनाई, जिसका ट्रेलर गुरुवार को बली प्रेक्षागृह में लॉन्च हुआ। फिल्म का मकसद समाज में जागरूकता लाना और लड़कियों को उनसे जुड़े कानून के बारे में जानकरी देना है। ट्रेलर के लॉन्च के दौरान हॉलिवुड म्यूजिक कंपोजर रॉबर्ट ओबेदरोही भी मौजूद थे।

सर्वे के बाद की शूटिंग

शॉर्ट फिल्म 'रेज योर वॉयस-एक आवाज' के डायरेक्टर प्रांजल सिंह ने बताया कि शॉर्ट फिल्म बनाने से पहले हमने एक सर्वे किया और लड़कियों में कानूनी नॉलेज देखी। इससे हमें पता चला कि लड़कियों को उनसे जुड़े कानून के बारे में कितनी जानकारी है। फिल्म में 15 मिनट में सभी चीजें कवर करने की कोशिश की गई है। फिल्म की पूरी शूटिंग लखनऊ में हुई है। फिल्म में लिरिक्स और आवाज लखनऊ के आशीष की है।

वीडियो को ज्यादा लोगों तक पहुंचाने की कोशिश

फिल्म के स्क्रिप्ट राइटर सूर्या सक्सेना ने बताया कि इसे यूट्यूब पर रिलीज किया जाएगा। इसके बाद वे लखनऊ के स्कूल कॉलेज कवर करेंगे और वहां इस फिल्म की स्क्रीनिंग करेंगे। हॉलिवुड म्यूजिक कंपोजर रॉबर्ट ओबेदरोही ने कहा कि उन्हें खुशी है कि 16 दिसंबर की वारदात के बाद भारत ने सख्त कदम उठाए। विमिन मोलेस्टेशन की बात पर उन्होंने कहा कि जिस दिन अरब देशों की तरह बाकी देशों में सख्त कानून बनाए जाएंगे, उस दिन से इन अपराधों पर लगाम लग जाएगी।

Courtesy:
NavBharat-times

Raise your Voice
Everybody
Raise your
Voice.....
Its time to
raise your
Voice..
Everybody
RAISE YOUR
VOICE

PRANJAL SINGH PRESENTS

Chief guest
Robert Obaid
Rouhi

Time:
01:00 pm –
02:30pm

A Pranjal Singh film
Raise Your Voice
... EK AWAAZ

Scanned with CamScanner

मूल्य 20/-

फरवरी 2016

नई पीढ़ी

राष्ट्रीय हिन्दी मासिक पत्रिका

पंजीयन संख्या : DELHIN/2015/64415

अमित शाह की असली परीक्षा

Scanned with CamScanner

सपनों से हकीकत तक का सफर

प्रांजल सिंह

आंखों में सपने लिए,
घर से हम चल तो दिए.
जाने ये राहें अब ले
जाएंगी कहां...

एक गाने की ये पंक्ति प्रांजल सिंह पर बिल्कुल सटीक बैठती हैं। मूल रूप से बिहार के रहने वाले प्रांजल ने अपनी स्कूली पढ़ाई पटना से पूरी की. इसके बाद उन्होंने यूपी की राजधानी लखनऊ का रूख किया। यहां एमिटी यूनीवर्सिटी से पत्रकारिता करने के बाद उन्होंने समाज की दिशा व दशा बदलने का बीड़ा उठाया। फिलहाल डाक्यूमेंटरी फिल्मों के माध्यम से वे समाज के दबे कुचले व असहाय लोगों की वास्तविक स्थिति को बड़े ही सुंदर ढंग से प्रस्तुत करने का मुसलसल प्रयास कर रहे हैं। पेश हैं उनसे नयी पीढ़ी संवाददाता द्वारा हुई बातचीत के महत्वपूर्ण अंश–

– राम कृष्ण शुक्ला

◆ समाजसेवा के लिए डाक्यूमेंटरी ही क्यों ?

फिल्म मेकिंग मुझे अच्छी लगती है और ये मेरा फील्ड ऑफ इंटरेस्ट भी है। इसलिए मैंने सोचा कि देश की तमाम परिस्थितिओं को देश के सामने लाने का इससे अच्छा कोई और तरीका नहीं हो सकता है विशेषकर मेरे लिए।

◆ आपकी लेटेस्ट डॉक्यूमेंटरी ?

उम्मीदें (अक्टूबर, 2015) मेरी लेटेस्ट डॉक्यूमेंट्री है। ये अपने अधिकारों से दूर उन लोगों की दास्तान से जुड़ी फिल्म है जो वास्तविक गरीबी का सामना करते हैं. इनकी मूलभूत आवश्यकतायें भी पूरी नहीं हो पाती, पर उम्मीदें अभी कायम है इसी को लेकर ये डॉक्यूमेंट्री है।

उम्मीदें देखने के लिए
www.pranjalsinghworld.com

◆ देश में आधी आबादी की दशा सुधारने को लेकर क्या कुछ प्रयास अपने अब तक किया है ?

मैं महिलाओं की स्थिति पर विशेष तौर पर गौर करता हूं। वे आज भी डरी व सहमी रहती हैं। अपने फैसले लेने के लिए पुरूषों पर उनकी निर्भरता कायम है। आप देखें तो महिलाओं की दशा सुधारने के लिए तमाम योजनायें चल रहीं हैं, पर ह•कीकत यह है कि अधिकतर योजनायें कागजी हैं। इनका वास्तविकता से कोई लेना–देना नहीं है। महिलाओं को जागरूक करने के लिए मैंने मार्च में रेज यौर व्वाइस एक आवाज रिलीज की थी. मेरी अगली डॉक्यूमेट्री भी इसी पर आधारित है।

◆ आपने एक प्रोडक्शन हाउस खोला है. अपनी टीम के बारे में बताइये ?

जी हां। हमने एक प्रोडक्शन हाउस खोला है और जहां तक मेरी टीम का सवाल है तो मेरी टीम में 7 लोग हैं जो एक दूसरे को सपोर्ट करते हैं।

◆ आप फोटोग्राफी भी करते हैं ?



जी हां, मैं कई तरह की पेशेवर चित्रकारी करता हूं।

◆ आपका मिशन क्या है ?

बचपन से मेरा फिल्मों में इंटरेस्ट था। मैं समझता हूं एक ऐसी फिल्म बनाना मेरा सपना है जो मुझे संतुष्ट करे।



Scanned with CamScanner